## आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 28.02.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **वित्तमंत्री ने आज विधानसभा में प्रस्तुत किया आर्थिक सर्वेक्षण–राज्य में प्रति व्यक्ति आय नौ प्रतिशत से अधिक बढ़ी।**
- **बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने अलग–अलग स्थानों से अट्ठारह माओवादियों को गिरफ्तार किया।**
- **छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने प्रदेश में मेडिकल स्नातकोत्तर–पीजी में प्रवेश की प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है।**
- **छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाएं कल एक मार्च से शुरू होंगी।**

### विधानसभा–आर्थिक सर्वेक्षण

राज्य विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वर्तमान वित्तीय वर्ष का आर्थिक सर्वेक्षण सदन के पटल पर रखा। वित्तमंत्री ने बताया कि आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार इस साल छत्तीसगढ़ के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर सात दशमलव पांच एक प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह वृद्धि राष्ट्रीय औसत से अधिक है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार राज्य में प्रति व्यक्ति आय में नौ प्रतिशत से अधिक वृद्धि अनुमानित है। वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में राज्य में प्रति व्यक्ति आय करीब एक लाख उनचास हजार थी, जो इस वर्ष बढ़कर लगभग एक लाख तिरसठ हजार होने का अनुमान है। वित्तमंत्री ने कहा कि राज्य में तीनों प्रमुख सेक्टर – कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र में वृद्धि देखने को मिल रही है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### विधानसभा–साइबर ठगी

राज्य में डिजिटल अरेस्ट के बारह प्रकरण सामने आए है, जिनमें एक सौ अड़सठ करोड़ रूपए की ठगी की गई है। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में दी। प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने प्रदेश में डिजिटल अरेस्ट के मामलों के बारे में जानना चाहा था। विधायक अजय चंद्राकर ने राज्य में साइबर क्राइम को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछा। इस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि एक सौ अड़सठ करोड़ रुपए की ठगी की राशि में से करीब पांच करोड़ बीस लाख रुपए की राशि पीड़ितों को वापस कराई गई है। गृहमंत्री ने बताया कि साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने तीन सौ सैंतालीस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राज्य में साइबर भवन स्थापित किया गया है। साथ ही प्रदेश के सभी पांच पुलिस रेंज में साइबर थानों की स्थापना की गई है। सभी जिलों में साइबर सेल भी खोला गया है। उन्होंने बताया कि राज्य के छह पुलिस अधिकारी साइबर कमांडों की ट्रेनिंग ले रहे हैं।

### विधानसभा–कांग्रेस प्रदर्शन

विधानसभा में आज नेता–प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत और अन्य कांग्रेस विधायकों ने प्रश्नकाल में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के घर कथित रेकी कराने का मुद्दा उठाया। इस मुद्दे पर सदन में काफी हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक गर्भगृह में पहुंचकर नारेबाजी करने लगे, जिससे वे स्वमेव निलंबित हो गए। बाद में विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों का निलंबन समाप्त किया। इसके बाद भी कांग्रेस के विधायक सदन की कार्यवाही शामिल नहीं हुए और सदन के बाहर गांधीजी की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। वहीं, सदन में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधायक किरण सिंह देव, पुन्नूलाल मोहिले और अन्य भाजपा विधायक शामिल हुए।

**माओवादी–गिरफ्तार**

बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने अलग–अलग स्थानों से अट्ठारह माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दस माओवादियों को गुंजेपर्ती के जंगल से गिरफ्तार किया गया। वहीं, बासागुड़ा इलाके से सात और भैरमगढ़ से एक माओवादी को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो टिफिन बम और अन्य विस्फोटक बरामद किए गए हैं। बीजापुर जिले में ही तीन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। जिले के डीएसपी शरद जायसवाल ने बताया कि इन माओवादियों को पच्चीस–पच्चीस हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। वहीं, सुकमा जिले में भी आज एक माओवादी दंपत्ति सहित सात इनामी माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हान ने बताया कि इन माओवादियों पर कुल बत्तीस लाख रूपए का इनाम घोषित था।

**हाईकोर्ट–मेडिकल स्नातकोत्तर रद्द**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने प्रदेश में मेडिकल स्नातकोत्तर–पीजी में प्रवेश की प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मेडिकल पीजी में नये सिरे से प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने और इसका लाभ सभी सबंधित उम्मीदवारों को देने का आदेश जारी किया है। याचिका पर सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई।

**बोर्ड परीक्षा**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाएं कल एक मार्च से शुरू होंगी। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बारहवीं बोर्ड की परीक्षा एक मार्च से शुरू होकर अट्ठाईस मार्च तक चलेगी। वहीं, दसवीं बोर्ड की परीक्षा तीन मार्च से चौबीस मार्च तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह नौ बजे से सवा बारह बजे तक होगी।

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस**

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। प्रति वर्ष अट्ठाईस फरवरी को महान भौतिकी विज्ञानी, सर सी. वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जिज्ञासा विज्ञान की जननी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विज्ञान और ज्ञान मिलकर हर समस्या के समाधान का द्वार खोलते हैं। इधर, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के बगिया में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित अन्वेषण कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के युवाओं को विज्ञान और नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर आज रायपुर स्थित शासकीय छत्तीसगढ़ कॉलेज में विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर वाद विवाद और ड्राइंग प्रतियोगिता का आायेजन भी किया गया।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम "बातों–बातों में" के तहत इस बार **बजट के विभिन्न पहलुओं पर वित्त विशेषज्ञ शंकर झा से ली गई** भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम कल एक मार्च को सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी केंद्र रायपुर से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**कांग्रेस–प्रदर्शन**

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कल राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन करेगी। वहीं, तीन मार्च को कांग्रेस कार्यकर्ता राजधानी रायपुर में ईडी ऑफिस के सामने धरना–प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार राजनीतिक द्वेष की भावना से ईडी का दुरूपयोग कर रही है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– बिलासपुर की नव–नियुक्त महापौर पूजा विधानी और पार्षदों ने आज बिलासपुर के मुंगेली नाका मैदान में पद और गोपनीयता की शपथ ली।

– राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने मूलवासी बचाव मंच के संचालक रघु मीडियामी को दंतेवाड़ा से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि यह संगठन माओवादियों के लिए फंड जुटाने का काम करता है।

– राज्यपाल रमेन डेका ने कमिश्नर महादेव कावरे को सुंदरलाल शर्मा राज्य मुक्त विश्वविद्यालय का प्रभारी कुलपति नियुक्त किया है।

– केन्द्र सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने बेंगलुरु में विश्व दृश्य–श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन के तहत लगाए गए वेव्स स्टॉलों का निरीक्षण किया।

– नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग में पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

– नागरिक आपूर्ति निगम–नान घोटाले मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है।

– भिलाई स्थित देवबलौदा में दो दिवसीय देवबलौदा महोत्सव का कल समापन हुआ।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>